# OFFICE OF THE PRINCIPAL

**GOVT. LOCHAN PRASAD PANDEY COLLEGE, SARANGARH, DIST.-SARANGARH-BILAIGARH (C.G.)**

Affiliated to Shaheed Nandkumar Patel Vishwavidyalaya, Raigarh, Chhattisgarh

Email ID- glppc.dpt@gmail.com Website.-www.glppcollege.in

क्र. / 250 / स्था. / 2024 सारंगढ़, दिनॉक– 13 /07/ 2024

## / /अतिथि व्याख्याता हेतु संक्षिप्त विज्ञापन/ /

कार्यालय आयुक्त, उ.शि.संचालनालय रायपुर का पत्र क्रमांक 574 / 126 / आउशि / राज. स्था / 2024 नवा रायपुर अटल नगर दिनांक 06.07.2024 के अनुसार **शासकीय लोचन प्रसाद पाण्डेय** महाविद्यालय, **सारंगढ** में **विषय अर्थशास्त्र प्राध्यापक–1 पद, समाजशास्त्र सहायक प्राध्यापक– 1 पद, इतिहास सहायक** प्राध्यापक–**02 पद, भूगोल प्राध्यापक–1 पद, भूगोल सहायक प्राध्यापक–1 पद, भौतिक शास्त्र प्राध्यापक–1 पद,** भौतिक शास्त्र **सहायक प्राध्यापक–1 पद, वनस्पति शास्त्र प्राध्यापक–1 पद, वनस्पति शास्त्र सहायक प्राध्यापक–1** पद एवं **ग्रंथपाल –1 पद** में अध्यापन व्यवस्था हेतु योग्य एवं निर्धारित अर्हताधारी आवेदकों से अतिथि व्याख्याता, अतिथि ग्रंथपाल, एवं अतिथि शिक्षण सहायक / ग्रंथपाल सहायक हेतु आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैं। आवेदक अपने समस्त प्रमाण–पत्र एवं आवश्यक दस्तावेज के साथ **आवेदन दिनांक 22 / 07 / 2024 को सायं 5:00 बजे** तक केवल रजिस्टर्ड डाक अथवा वाहक के हस्ते (कार्यालय से पावती प्राप्त करें) प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित तिथि के पश्चात् प्राप्त आवेदन पत्रों पर विचार नहीं किया जायेगा।

**नोटः– विस्तृत विज्ञापन संस्था के नोटिस बोर्ड, महाविद्यालय के वेबसाईट में अपलोड किया गया है, जिससे विस्तृत जानकारी प्राप्त की जा सकती है।**

13/7/24

(डॉ.डी.आर.लहरे)
**प्राचार्य**
शासकीय लोचन प्रसाद पाण्डेय
महाविद्यालय, सारंगढ़
जिला सारंगढ़–बिलाईगढ़ (C.G

Principal
Govt.L.P.P.College, Sarang.-
Distt.Sarangarh-Bilaigarh (C.G

# OFFICE OF THE PRINCIPAL

**GOVT. LOCHAN PRASAD PANDEY COLLEGE, SARANGARH, DIST.-SARANGARH-BILAIGARH (C.G.)**

Affiliated to Shaheed Nandkumar Patel Vishwavidyalaya, Raigarh, Chhattisgarh

Email ID- glppc.dpt@gmail.com Website.-www.glppcollege.in


क्र. / 249 / स्था. / 2024 सारंगढ़, दिनॉक– 13 / 07 / 2024

## / /अतिथि व्याख्याता हेतु विस्तृत विज्ञापन/ /

कार्यालय आयुक्त, उ.शि.संचालनालय रायपुर का पत्र क्रमांक 574 / 126 / आउशि / राज स्था / 2024 नवा रायपुर अटल नगर दिनांक 06.07.2024 एवं छ.ग. शासन, उच्च शिक्षा विभाग मंत्रालय का पत्र क्रमांक एफ 3–54 / स्था. / 2020 / 38–1 नवा रायपुर अटल नगर दिनांक 20 / 06 / 2024 के अनुसार **शासकीय लोचन प्रसाद पाण्डेय महाविद्यालय, सारंगढ़ में विषय अर्थशास्त्र प्राध्यापक –1 पद, समाजशास्त्र सहायक प्राध्यापक – 1 पद, इतिहास सहायक प्राध्यापक – 02 पद, भूगोल प्राध्यापक –1 पद सहायक प्राध्यापक –1 पद, भौतिक शास्त्र प्राध्यापक –1 पद सहायक प्राध्यापक –1 पद, वनस्पति शास्त्र प्राध्यापक –1 पद सहायक प्राध्यापक –1 पद, ग्रंथपाल –1 पद** में अध्यापन व्यवस्था हेतु योग्य एवं निर्धारित अर्हताधारी आवेदकों से अतिथि व्याख्याता, अतिथि ग्रंथपाल, एवं अतिथि शिक्षण सहायक / ग्रंथपाल सहायक हेतु आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैं। आवेदक अपने समस्त प्रमाण–पत्र एवं आवश्यक दस्तावेज के साथ आवेदन दिनांक 22/07/2024को सायं 5:00 बजे तक केवल रजिस्टर्ड डाक अथवा वाहक के हस्ते (कार्यालय से पावती प्राप्त करें) प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित तिथि के पश्चात् प्राप्त आवेदन पत्रों पर विचार नहीं किया जायेगा।

**आवश्यक शैक्षणिक एवं अन्य अर्हता :–**

1. अतिथि व्याख्याता, अतिथि ग्रंथपाल एवं अतिथि क्रीड़ा अधिकारियों को कार्य करने के लिए न्यूनतम शैक्षणिक अर्हता विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (विश्वविद्यालय और महाविद्यालयों में शिक्षको और अन्य शैक्षिक कर्मचारी की नियुक्ति हेतु न्यूनतम अर्हताएं तथा उच्चतर शिक्षा में मानकों के रख–रखाव हेतु अन्य उपाय) संबंधी विनियम, 2018 के प्रावधानों के अनुरूप होगी। इस व्यवस्था के अंतर्गत अतिथि शिक्षण सहायक / ग्रंथपाल सहायक / क्रीड़ा सहायक के लिये स्नातकोत्तर स्तर पर न्यूनतम 55 प्रतिशत अंक होने चाहिए परन्तु अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग (असंपन्न वर्ग) एवं द्विव्यांगजन अभ्यर्थियों के लिये स्नातक और स्नातकोत्तर स्तर पर न्यूनतम 50 प्रतिशत अंक होने चाहिए।
2. स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम आदर्श महाविद्यालयों में कार्य करने के लिए बिन्दु–1 के समान न्यूनतम शैक्षणिक अर्हता के साथ–साथ आवेदकों को अंग्रेजी माध्यम से अध्यापन का अनुभव तथा अध्यापन के दौरान छात्र / छात्राओं से अंग्रेजी माध्यम में संवाद कर पाठ्य–विषय से संबंधित जिज्ञासाओं का भी निराकरण करने में समक्ष होना अनिवार्य होगा। इस हेतु आवेदक अभ्यर्थियों की व्यवस्था राज्य स्तरीय गठित समिति के द्वारा सक्षमता एवं दक्षता के आधार पर निर्धारित की जायेगी।
3. आयु सीमा :– अतिथि व्याख्याता /अतिथि शिक्षण सहायक अधिकतम 65 वर्ष तक। अतिथि ग्रंथपाल / अतिथि क्रीड़ा अधिकारी एवं अतिथि ग्रंथालय सहायक / क्रीड़ा सहायक अधिकतम 62 वर्ष तक।
4. छत्तीसगढ़ के मूल निवासी अभ्यर्थियों को प्राथमिकता दी जायेगी।

विषय / पदों का विवरण :–

| क्रं. | विषय | रिक्त पद एवं संख्या | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | प्राध्यापक | सह –प्राध्यापक | सहा. प्राध्यापक | ग्रंथपाल | क्रीड़ाधिकारी |
| 1 | अर्थशास्त्र | 1 | – | – | – | – |
| 2 | समाजशास्त्र | – | – | 1 | – | – |
| 3 | इतिहास | – | – | 2 | – | – |
| 4 | भूगोल | 1 | – | 1 | – | – |
| 5 | भौतिक शास्त्र | 1 | – | 1 | – | – |
| 6 | वनस्पति शास्त्र | 1 | – | 1 | – | – |
| 7 | ग्रंथपाल | – | – | – | 1 | – |

नोटः– रिक्त पदों की संख्या में परिवर्तन हो सकता है। यह विज्ञापन और इसमें उल्लेखित शर्ते उच्च शिक्षा विभाग एवं न्यायालयीन निर्णयों के अध्यधीन होंगे।

टीपः– संबंधित विषयों में नवीन नियुक्ति / नियमित पदस्थापना या स्थानांतरण के फलस्वरूप पद भर जाने पर उक्त पद के विरूद्ध कार्यरत अतिथि व्याख्याता एवं अन्य की सेवा स्वतः समाप्त हो जावेगी।

शर्ते :–

1. आवेदन के साथ मूल निवासी प्रमाण, 10 वीं, 12 वीं, स्नातक, स्नातकोत्तर, सेट / नेट, एम,फिल / पी–एच.डी. अनुभव प्रमाण पत्र संलग्न करे।
2. दिनांक 22/07/2024 तक कार्यालयीन समय में डाक के माध्यम से अथवा स्वयं उपस्थित होकर आवेदन कर सकते है, प्राप्त आवेदनों को ही गुणानुक्रम सूची में शामिल किया जावेगा। ई–मेल से भेजे गये आवेदन को मान्य नहीं किया जावेगा। वर्तमान में आफलाईन अथवा डाक के माध्यम से पोर्टल तैयार होने पर आवश्यकतानुसार परिवर्तन संभावित होगा।
3. अंतिम तिथि तक महाविद्यालय में प्राप्त आवेदनों पर नियमानुसार मेरिट सूची तैयार की जावेगी।
4. प्राप्त आवेदनों की पदवार अनंतिम मेरिट सूची का प्रकाशन दिनांक 26/07/2024 को महाविद्यालय के सूचना पटल व वेबसाइट पर प्रकाशित किया जावेगा। महाविद्यालयों की वेबसाईट नहीं होने पर संबंधित जिले के अग्रणी महाविद्यालय की वेबसाइट में प्रकाशित किया जाना अनिवार्य होगा। वेबसाइट में विस्तृत विवरण भी अपलोड किया जायेगा।
5. गुणानुक्रम अनुसार अनंतिम सूची में दावा आपत्ति की तिथि 29/07/2024 तक होगी।
6. अंतिम सूची का प्रकाशन दिनांक 31/07/2024 को किया जावेगा जिसका अवलोकन महाविद्यालय की वेबसाइट अथवा सूचना पटल में किया जायेगा।
7. आमंत्रित अभ्यर्थी को कार्यभार ग्रहण करने के समय इस आशय का शपथ पत्र देना होगा कि संबंधित के विरूद्ध पुलिस / न्यायालय में कोई अपराधिक प्रकरण विचाराधीन नहीं है। साथ ही अभ्यर्थी किसी अन्य शासकीय / अर्द्धशासकीय सेवा में नहीं है एवं पूर्व में किसी महाविद्यालय में शिकायत / कार्य संतोषजनक नहीं पाये जाने के आधार पर अभ्यर्थी की सेवायें समाप्त नहीं की गई है।
8. आवेदन उपरांत संबंधित आमंत्रित चयनित अभ्यर्थी यदि समय सीमा में कर्तव्य स्थल पर उपस्थित नहीं होता है, तो उसे उस दशा में अलगे चरणों में सम्मिलित नहीं किया जाएगा।
9. अतिथि व्याख्याताओं एवं अन्य की सेवायें भविष्य में नियमितीकरण का आधार नहीं होगा।

10. अतिथि व्यवस्था के अंतर्गत देय मानदेय निम्नानुसार होगाः–

| क्रं. | विवरण | अतिथि व्याख्याता | अतिथि शिक्षण सहायक |
|---|---|---|---|
| **(अ)** | **40–45 मिनट के एक व्याख्यान के लिए** | | |
| 1 | 40–45 मिनट के एक व्याख्यान के लिए | 400 / – | 300 / – |
| 2 | चार कालखंडो के लिये प्रतिदिन अधिकतम मानदेय | 1600 / –<br>(41,600 / –प्रतिमाह अधिकतम) | 1200 / –<br>(30,000 / –प्रतिमाह अधिकतम) |
| **(ब)** | **60 मिनट के एक व्याख्यान के लिये** | | |
| 3 | 60 मिनट के एक व्याख्यान के लिये | 500 / – | 350 / – |
| 4 | चार कालखंडो के लिये प्रतिदिन अधिकतम मानदेय | 2000 / –<br>(50,000 / – प्रतिमाह अधिकतम) | 1400 / –<br>(35,000 / – प्रतिमाह अधिकतम) |
| **(स)** | **दैनिक मानदेय** | | |
| 5 | **विवरण** | अतिथि ग्रंथपाल / क्रीड़ा अधिकारी | अतिथि ग्रंथपाल सहायक / अतिथि क्रीड़ा सहायक |
| | दैनिक मानेदय (प्रति दिवस न्यूनतम 07 घंटा कार्य अवधि) | 1600 / – प्रतिदिन<br>(40,000 / – प्रतिमाह अधिकतम) | 1200 / – प्रतिदिन<br>(30,000 / – प्रतिमाह अधिकतम) |

11. आवेदक बंद लिफाफे के ऊपर पत्राचार का पता **प्राचार्य, शासकीय लोचन प्रसाद** पाण्डेय **महाविद्यालय, सारंगढ़ जिला–सारंगढ़–बिलाईगढ़ पिन–496445** एवं आवेदित विषय / पद आवश्यक रूप से लिखे।
12. इस विज्ञापन के तहत व्यवस्था किए गए अतिथि व्याख्याता एवं अन्य को महाविद्यालयीन स्थापना के अंतर्गत नहीं माना जायेगा और वे लोक–सेवक की विधि विहित परिभाषा के अंतर्गत लोक–सेवक नहीं कहलायेंगें।
13. संस्थान में इस व्यवस्था के अंतर्गत कार्यरत, यदि लगातार 15 दिवस अनुपस्थित रहता है तो उनकी व्यवस्था स्वतः समाप्त हो जायेगी, जिसकी कार्यवाही संबंधित संस्था प्रमुख द्वारा की जावेगी।
14. इन्हें सर्वत्र अनुशासन बनाए रखना होगा तथा संस्था प्रमुख के निर्देशों का पालन करना अनिवार्य होगा।
15. कक्षाओं के संचालन के साथ–साथ संस्था प्रमुख के निर्देशानुसार अध्यापन के अतिरिक्त कार्य यथा प्रवेश, परीक्षा, छात्रसंघ चुनाव, योजनाओं का संचालन, साहित्यिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम, क्रीड़ा गतिविधियां, युवा उत्सव, आंतरिक परीक्षाओं का संचालन एंव मूल्यांकन, नैक मूल्यांकन संबंधी कार्यो में ये सहायोग प्रदान करेंगे।
16. यदि कार्य अवधि के शैक्षणिक सत्र् मे इनकी अध्यापन कार्य संबंधी अथवा अन्य शिकायतें प्राप्त होती है तो सेवाएं तत्काल समाप्त की जा सकेगी तथा वे आगामी शैक्षणिक सत्रों में अध्यापन कार्य हेतु पात्र नहीं होंगे।

13/7/24

प्राचार्य

Principal
Govt. L.P.P.College,Sarangarh
Distt.Sarangarh-Bilaigarh(C.G.)